A MAHARATNA COMPANY
5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत
दिनांक : 28 फ़रवरी, 2026
अंक : 522

## सीआईएल निदेशक (मानव संसाधन) श्री विनय रंजन ने किया वेकोलि का दौरा



कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) श्री विनय रंजन ने वेकोलि का एक दिवसीय दौरा किया। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने वेकोलि में विकसित एवं क्रियान्वित 'स्वस्थ पोर्टल' तथा 'विधिशक्ति पोर्टल' के कार्यान्वयन की विस्तृत समीक्षा की तथा इन पोर्टलों को संपूर्ण कोल इंडिया में लागू किए जाने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

बैठक में वेकोलि के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद तथा निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) श्री संदीप परांजपे, मुख्यालय के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री पी. नरेंद्र कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया।

'स्वस्थ पोर्टल' पर पॉवर पॉइंट के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतीकरण महाप्रबंधक (प्रणाली) श्री प्रमोद चौधरी एवं श्री नितिन गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक (प्रणाली) ने किया। इसी प्रकार 'विधिशक्ति पोर्टल' का प्रस्तुतीकरण महाप्रबंधक (विधि) श्री श्रीराम तथा श्री नितिन गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक (प्रणाली) द्वारा किया गया। प्रस्तुतियों में पोर्टलों की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता, दक्षता वृद्धि तथा समयबद्ध निस्तारण की विशेषताओं को रेखांकित किया गया।

श्री विनय रंजन ने पोर्टलों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की डिजिटल पहलें न केवल कार्यकुशलता बढ़ाती हैं, बल्कि कार्य में पारदर्शिता को भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने इन मॉडलों को कोल इंडिया की अन्य सहायक कंपनियों में भी अपनाने की संभावनाओं पर सकारात्मक विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पोर्टलों के डिजाइन, विकास एवं सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों को सीआईएल निदेशक (मानव संसाधन) श्री विनय रंजन के करकमलों से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात उन्होंने वेकोलि के अत्याधुनिक मल्टीमीडिया स्टूडियो का भ्रमण किया और आत्मनिर्भरता की दिशा में इस विशिष्ट पहल की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने राजभाषा, पुस्तकालय एवं आर.टी.आई विभागों का अवलोकन किया।

## हम साथ-साथ है : सामाजिक परिवर्तन की दिशा में वेकोलि की अहम् भूमिका
### निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के दूरदर्शी नेतृत्व में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत उठाये कई महत्वपूर्ण कदम




#### वेकोलि सशक्त कर रहा बच्चों का स्वास्थ्य

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के दूरदर्शी, संवेदनशील एवं प्रेरणादायक नेतृत्व में नागपुर में बच्चों के क्लबफुट उपचार को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। वेकोलि ने CSR के अंतर्गत नागपुर के सरकारी अस्पतालों में 100 बच्चों के क्लबफुट (टेढ़े पैर) से होने वाली विकलांगता के उन्मूलन हेतु CURE इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट को वित्तीय सहायता प्रदान की है। यह पहल बच्चों को स्वस्थ, सक्रिय और आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। डॉ. पांडे की CSR दृष्टि केवल तात्कालिक सहायता तक सीमित न होकर शीघ्र पहचान, समयबद्ध एवं मानकीकृत उपचार तथा दीर्घकालिक सामाजिक प्रभाव पर केंद्रित है, जिससे प्रभावित बच्चे स्वस्थ, सक्रिय और आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। उनके नेतृत्व में CSR को मानवीय संवेदनाओं से जोड़ते हुए समाज के कमजोर वर्गों तक समान और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने का प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर समझौता ज्ञापन पर वेकोलि के महाप्रबंधक (CSR) श्री एस.पी. तिवारी एवं CURE इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट के निदेशक श्री संतोष जॉर्ज ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में वेकोलि मुख्यालय के CMS श्री शशि शंकर तथा CURE इंडिया की कार्यक्रम समन्वयक सुश्री प्राची जाधव भी उपस्थित रहीं। यह पहल डॉ. हेमंत शरद पांडे को CSR के माध्यम से सार्थक सामाजिक परिवर्तन का संवाहक सिद्ध करती है।

#### कौशल विकास को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

मानव संसाधन को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मानते हुए, वेकोलि ने निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के दूरदर्शी, जनकेंद्रित एवं प्रेरणादायक नेतृत्व में कौशल विकास को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में वेकोलि मुख्यालय, नागपुर में नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NSDC) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। यह MoU डॉ. पांडे की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। समझौता ज्ञापन पर वेकोलि की ओर से श्री यू. सी. गुप्ता, महाप्रबंधक (खनन/HRD) तथा NSDC की ओर से श्री ऋषिकेश पाटणकर, उपाध्यक्ष – गवर्नमेंट प्रोग्राम्स एवं CSR एवं सुश्री सरिता भाटिया, महाप्रबंधक (CSR) ने हस्ताक्षर किए। इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से स्किल इंडिया मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप, कोयला खनन क्षेत्रों में युवाओं की रोज़गार क्षमता में वृद्धि, विश्वस्तरीय व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा आत्मनिर्भरता एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सकेगा। इस अवसर पर श्री सीतारामन, महाप्रबंधक (CSR) एवं श्री एस. आर. गबाले, महाप्रबंधक (जनसंपर्क) भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

#### कुपोषित और वंचित बच्चों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने जीवन विकास सोसाइटी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत वर्धा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषित और वंचित बच्चों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिसोर्स) सहायता प्रदान की जाएगी।

इस एमओयू पर वेकोलि के महाप्रबंधक (सीएसआर/कल्याण) श्री जी. सीतारामन और जीवन विकास सोसाइटी की सचिव सिस्टर सीमा जोस ने वेकोलि की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. जयश्री मोघे की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

यह कार्यक्रम वेकोलि के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के नेतृत्व और मार्गदर्शन में कार्यान्वित किया जा रहा है। यह पहल कुपोषण से लड़ने और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति वेकोलि की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

#### "स्वस्थ सावनेर पहल" के कार्यान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने स्वस्थ सावनेर पहल के लिए उदिति फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। वेकोलि ने नागपुर जिले के सावनेर ब्लॉक में "स्वस्थ सावनेर पहल" के कार्यान्वयन के लिए नागपुर स्थित उदिति फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

समझौते पर वेकोलि के महाप्रबंधक (सीएसआर/कल्याण) श्री जी. सीतारामन और उदिति फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष श्री गणेश पराते ने वेकोलि की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. जयश्री मोघे की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

उल्लेखनीय है की, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे के दूरदर्शी नेतृत्व में, डब्ल्यूसीएल समग्र सामुदायिक कल्याण, निवारक स्वास्थ्य देखभाल और समावेशी विकास पर केंद्रित प्रभावशाली सीएसआर पहलों को आगे बढ़ा रहा है।




#### क्षेत्रीय मानसिक अस्पताल में "आत्मनिर्भर परियोजना"

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने Anayatta Foundation के साथ नागपुर के क्षेत्रीय मानसिक अस्पताल में "आत्मनिर्भर परियोजना" शुरू करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

यह परियोजना वेकोलि के सीएसआर पहलों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य संरचित मनोसामाजिक पुनर्वास, व्यावसायिक कौशल विकास और स्थायी आजीविका सहायता के माध्यम से मानसिक बीमारी से उबर रहे व्यक्तियों को सशक्त बनाना है, ताकि उनका सामाजिक पुनर्एकीकरण और आर्थिक स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सके।

समझौते पर वेकोलि के महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री जी. सीतारामन और Anayatta Foundation के निदेशक श्री प्रवीण काकडे ने वेकोलि मुख्यालय के सीएमएस डॉ. शशि शंकर, Anayatta Foundation के निदेशक डॉ. अभिषेक मामर्डे और वेकोलि मुख्यालय की सीएसआर टीम के सदस्यों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह समझौता आशा जगाने और उज्ज्वल भविष्य को साकार करने की दिशा में एक सहयोगात्मक कदम है।




## निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष ने की 45 वें कॉस्ट कॉन्फ्रेंस - 2026 में शिरकत




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष ने आसनसोल में इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई), ईआईआरसी द्वारा आसनसोल चैप्टर के सहयोग से आयोजित 45वें कॉस्ट कॉन्फ्रेंस - 2026 को संबोधित किया।

सीएमए लीडर्स मीट के दौरान विकसित भारत - 2047 विषय पर बात करते हुए श्री घोष ने, भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और सतत विकास को गति देने में डब्ल्यूसीएल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने वित्त क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के परिवर्तनकारी प्रभाव पर भी बात की और मानवीय निर्णय और रणनीतिक नेतृत्व के महत्व को दोहराया।

श्री घोष ने सतत विकास के आधार स्तंभ के रूप में महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया और नेतृत्व, वित्त और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व की वकालत की। इस सत्र में उद्योग जगत के नेताओं और कॉस्ट अकाउंटिंग पेशे से जुड़े सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे भारत के दीर्घकालिक विकास दृष्टिकोण के अनुरूप विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ।

## वेकोलि तथा एनटीपीसी के बीच बैठक संपन्न

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) तथा एनटीपीसी लिमिटेड के बीच नागपुर स्थित वेकोलि मुख्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद और निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री संदीप परंजपे ने किया। एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) श्री के.सी. मुरलीधरन और वरिष्ठ प्रबंधक (कॉर्पोरेट वित्त) श्री यूसुफ अमीन भी बैठक में उपस्थित थे।

बैठक में एनटीपीसी द्वारा कोयले की गुणवत्ता, मात्रा, मूल्य निर्धारण आदि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बल्लारपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक, महाप्रबंधक (पी एंड पी) और महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) शामिल थे।

बैठक का मुख्य फोकस वेकोलि की मौजूदा और भावी परियोजनाओं से एनटीपीसी को कोयले की रणनीतिक आपूर्ति पर था। बैठक में गौरी सेंट्रल कॉस्ट प्लस खदान से संबंधित परिचालन मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

बैठक का समापन बेहद सकारात्मक माहौल में हुआ, जिसमें आपसी सहयोग की साझा दृष्टि की पुष्टि हुई। वेकोलि और एनटीपीसी मिलकर पारदर्शिता और तकनीकी उत्कृष्टता के माध्यम से राष्ट्र की प्रगति को गति प्रदान कर रहे हैं।




## सुरक्षा प्रशिक्षण बैच की पासिंग आउट परेड सफलतापूर्वक संपन्न



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के सुरक्षा विभाग ने नागपुर के इंदौरा स्थित सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र में बुनियादी सुरक्षा प्रशिक्षण (बैच 2026.02) की पासिंग आउट परेड सफलतापूर्वक आयोजन किया। पासिंग आउट परेड कार्यक्रम में मुख्या अतिथि के रूप में वेकोलि के निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री संदीप एस. परांजपे उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण मैच में कुल 51 सुरक्षा कर्मी शामिल हुए।

उपरोक्त प्रशिक्षण में बम डिटेक्शन, हथियार संचालन, साइबर सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन, फोरेंसिक विज्ञान, पुलिस बंदोबस्त, आरटीओ व यातायात प्रबंधन, बीएनएस (पूर्व आईपीसी) प्रावधान, SWOT विश्लेषण, फायरिंग, मार्शल आर्ट, योग, रूट मार्च व क्रॉस कंट्री जैसे कठोर शारीरिक अभ्यास सम्मिलित थे।

परेड का अवलोकन वेकोलि के निदेशक (तकनीकी/पी एंड पी) श्री संदीप एस. परांजपे ने किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कार प्रदान किए तथा शस्त्र प्रशिक्षण केन्द्र SHASTrA का निरीक्षण भी किया। "अमर जवान" को सलामी, गार्ड ऑफ ऑनर, शपथ ग्रहण और बैंड प्रस्तुति कार्यक्रम के आकर्षण रहे।

## टीम कल्याणी ने किया महिला कर्मचारियों से संवाद

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के महिला कल्याण समिति – टीम कल्याणी ने वणी नार्थ, माजरी तथा बल्लारपुर क्षेत्र का दौरा कर महिला कर्मचारियों से संवाद किया।

इस अवसर पर तकनीकी दायित्वों में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनकी योग्यता व प्रशिक्षण के अनुरूप तकनीकी पदों पर अधिक सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया। महिला कर्मचारियों के लिए स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता और सुलभता पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिससे कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित, सहयोगात्मक और समावेशी बनाया जा सके।

कर्मचारियों ने कार्यरत माताओं हेतु स्थापित क्रेच सुविधा के लिए प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। टीम ने सास्ती ओपन कास्ट माइन में पदस्थ वेकोलि की प्रथम महिला माइनिंग सरदार को बधाई देते हुए इसे प्रेरणादायी उपलब्धि बताया। महिला जनरल असिस्टेंट्स को भी प्रशिक्षण लेकर तकनीकी जिम्मेदारियाँ निभाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।




यह संवाद महिला सशक्तिकरण और प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा है। टीम "कल्याणी" में सर्व श्रीमती अनुपमा टेमुर्णीकर, ज्योति हुमने, कावेरी मोटघरे, पल्लवी लातुरकर एवं ओजस्विनी तथा अन्य शामिल थे।

## सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान समारोह




वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय में फरवरी 2026 माह में सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री संदीप परांजपे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने सेवानिवृत्त कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की।

वेकोलि मुख्यालय से फरवरी माह में डॉ. जयश्री मोघे, चिकित्सा सेवाएं प्रमुख एवं श्री रामप्रसाद बी. पंवार, जनरल असिस्टेंट, प्रशासन विभाग सेवानिवृत्त हुए। समारोह में वेकोलि के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दृष्टिबाधित एवं दिव्यांगजनों ने किया ईको पार्क का भ्रमण

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के ईको पार्क, सावनेर का आत्मदीपम सोसायटी, नागपुर के 50 दृष्टिबाधित एवं दिव्यांगजनों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर वेकोलि के अधिकारियों ने उन्हें कंपनी की खनन गतिविधियों, CSR पहल और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा में योगदान के बारे में जानकारी दी। भ्रमण के दौरान दिव्यांगजनों ने ईको पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया और वेकोलि की विभिन्न CSR परियोजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। वेकोलि के CSR विभाग द्वारा आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य दिव्यांगजनों को कंपनी की गतिविधियों से अवगत कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर वेकोलि के अधिकारी और आत्मदीपम सोसायटी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।






वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।